1. निम्नलिखित में से किसने मानव भूगोल को इस प्रकार परिभाषित किया है :

“मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।”

(1) एलन सी. सेंपल
(2) रैटज़ेल
(3) विडाल–डी–ला ब्लाश
(4) ग्रिफ़िथ टेलर

2. निम्नलिखित स्थलाकृतियों में से कौन सी स्वभाव में सांस्कृतिक है ?

(1) प्राकृतिक वनस्पति
(2) जीव–जन्तु
(3) भू–आकृतियाँ
(4) अधिवास

3. मानव भूगोल के निम्नलिखित उपागमों में से किसका 1970 के दशक के दौरान उद्‌भव हुआ ?

(1) अन्वेषण और वर्णन
(2) मानववादी भूगोल
(3) क्षेत्रीय विभेदन
(4) स्थानीय संगठन

4. निम्नलिखित भूगोल के उपक्षेत्रों में से कौन सा सामाजिक भूगोल से सम्बन्धित है ?

(1) संसाधन भूगोल
(2) पर्यटन भूगोल
(3) अवकाश भूगोल
(4) निर्वाचन भूगोल

5. निम्नलिखित में से जीवन निर्वाह के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक कौन सा है ?

(1) भू–आकृति
(2) जलवायु
(3) मृदाएँ
(4) जल की उपलब्धता

6. प्रतिशत में जनसंख्या परिवर्तन को निम्नलिखित में से किसके द्वारा व्यक्त किया जाता है ?

(1) जनसंख्या वृद्धि दर
(2) जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि
(3) जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि
(4) जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि

7. 'जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त' की प्रथम अवस्था को निम्नलिखित में से किसके द्वारा दर्शाया जाता है?
   (1) उच्च मर्त्यता और निम्न प्रजननशीलता
   (2) उच्च प्रजननशीलता और निम्न मर्त्यता
   (3) निम्न मर्त्यता और निम्न प्रजननशीलता
   (4) उच्च प्रजननशीलता और उच्च मर्त्यता

8. प्रवास के लिए निम्नलिखित में से कौन सा अपकर्ष कारक है?
   (1) बेहतर जीवनयापन की दशाएँ
   (2) बेरोजगारी
   (3) महामारियाँ
   (4) कठोर जलवायु

9. मानव इतिहास में निम्नलिखित में से सबसे प्रारम्भिक गतिविधि कौन सी है?
   (1) कृषि
   (2) खनन
   (3) चलवासी पशुचारण
   (4) आखेट

10. निम्नलिखित में से किसमें लोग भोजन, पहनावा और शरण के लिए पशुओं पर निर्भर रहते हैं?
   (1) आदिम निर्वाह कृषि
   (2) व्यापारिक पशुधन पालन
   (3) चलवासी पशुचारण
   (4) मिश्रित कृषि

11. निम्नलिखित देशों में से कहाँ पर स्थानान्तरी कृषि को लदांग नाम से जाना जाता है?
   (1) मैक्सिको
   (2) मध्य अमेरिका
   (3) कनाडा
   (4) इण्डोनेशिया

12. निम्नलिखित में से डेरी कृषि किसके लिए कहा जाता है?
   (1) फसल उत्पादन एवं पशु पालन दोनों को समान महत्व दिया जाता है
   (2) बहुत ही उन्नत और दक्षण प्रकार की खेती
   (3) बहुत ही विशिष्टकृत व्यापारिक कृषि
   (4) यूरोपीय लोगों द्वारा शुरुआत

**13.** निम्नलिखित में से कौन सा खनन के लिए आर्थिक कारक है?

(1) निक्षेपों के आकार

(2) निक्षेपों की श्रेणी

(3) निक्षेपों की उपस्थिति की अवस्था

(4) तकनीकी की उपलब्धता

**14.** निम्नलिखित उद्योगों में से किसको आकार के आधार पर वर्गीकृत किया गया है?

(1) घरेलू आधारित

(2) कृषि आधारित

(3) खनिज आधारित

(4) पशु आधारित

**15.** निम्नलिखित में कौन सा अधात्विक उद्योग है?

(1) इस्पात

(2) सीमेंट

(3) ताँबा

(4) ऐलुमिनियम

**16.** निम्नलिखित में से हथकरघा उद्योग की प्रमुख विशेषताएँ कौन सी है?

(1) पूँजी की उच्च लागत

(2) सामान्य श्रम की आवश्यकता

(3) शक्तिजनित

(4) सघन श्रम

**17.** निम्नलिखित जोड़ों में से कौन सा सही मिलान है?

(1) तुला – यूक्रेन

(2) किरवोय रोग – डेनमार्क

(3) शेफील्ड – यूनाइटेड किंगडम

(4) एसन – फ्रांस

**18.** उद्योग को स्थापित करने के लिए निम्नलिखित में से सबसे महत्वपूर्ण कारक कौन सा है?

(1) बाजार तक अभिगम्यता

(2) कच्चे माल तक अभिगम्यता

(3) श्रम आपूर्ति तक अभिगम्यता

(4) उत्पादन लागत की कमी

**19.** निम्नलिखित में से स्वच्छंद उद्योग की कौन सी विशेषता है?

(1) इन्हें निश्चित स्थानों पर ही स्थापित किया जा सकता है।

(2) ये विशिष्ट कच्चे माल पर निर्भर होते है।

(3) ये बड़ी श्रम शक्ति को लगाते है।

(4) इनमें उत्पादन कम मात्रा में होता है।

**20.** निम्नलिखित उद्योगों में कौन सा खनिज आधारित है?

(1) सीमेंट

(2) चीनी

(3) लाख

(4) रबर

**21.** निम्नलिखित में कौन सी तृतीय गतिविधि है?

(1) कताई

(2) बुनाई

(3) बढ़ईगीरी

(4) व्यापार

**22.** निम्नलिखित में से विश्व की अकेली सबसे बड़ी कौन सी तृतीयक गतिविधि है?

(1) व्यापार

(2) परिवहन

(3) विनिर्माण

(4) पर्यटन

**23.** प्राथमिक क्रियाकलाप में लगे लोगों को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

(1) लाल कॉलर श्रमिक

(2) श्वेत कॉलर श्रमिक

(3) धूसर कॉलर श्रमिक

(4) स्वर्ण कॉलर श्रमिक

**24.** अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं के साथ बने सड़कों को निम्नलिखित में से किसके द्वारा जाना जाता है?

(1) अन्तर्राष्ट्रीय सड़कें

(2) राज्य सड़कें

(3) जिला सड़कें

(4) सीमान्त सड़कें

25. विश्व में सर्वाधिक सड़क घनत्व निम्नलिखित महाद्वीपों में से किस में पाया जाता है?
   (1) यूरोप
   (2) उत्तर अमेरिका
   (3) आस्ट्रेलिया
   (4) अफ्रीका

26. निम्नलिखित देशों में से किसमें सर्वाधिक रेल घनत्व है?
   (1) जापान
   (2) संयुक्त राज्य अमेरिका
   (3) बेल्जियम
   (4) यूनाइटेड किंगडम

27. निम्नलिखित पार-महाद्वीपीय रेलमार्गों में से कौन सबसे लम्बा है?
   (1) पार-कैनेडियन रेलमार्ग
   (2) आस्ट्रेलियाई पार महाद्वीपीय रेलमार्ग
   (3) पार-साईबेरियन रेलमार्ग
   (4) संघ और प्रशान्त रेलमार्ग

28. निम्नलिखित में से कौन पार-साईबेरियन रेलमार्ग के पश्चिमी ओर पर स्थित है?
   (1) व्लाडीवोस्टक
   (2) सेंट पीटर्सबर्ग
   (3) चीता
   (4) मास्को

29. निम्नलिखित में से पार-कैनेडियन रेलमार्ग का पूर्वी सिरे का स्टेशन कौन सा है?
   (1) वैंकूवर
   (2) विनीपेग
   (3) हेलीफैक्स
   (4) क्यूबेक

30. निम्नलिखित में से कौन सा स्वेज नहर की लम्बाई दर्शाता है?
   (1) 140 कि.मी.
   (2) 150 कि.मी.
   (3) 160 कि.मी.
   (4) 170 कि.मी.

**31.** आन्तरिक जलमार्गों का विकास निम्नलिखित में से किस पर आधारित नहीं है?

(1) नाव्यता की चौड़ाई और गहराई

(2) जल प्रवाह में सातत्य

(3) परिवहन तकनीकी

(4) नदी मार्ग में जलप्रपात

**32.** निम्नलिखित देशों में कौन सा विश्व के कुल वायुमार्गों के 60 प्रतिशत भाग अकेले एक देश में पाया जाता है?

(1) आस्ट्रेलिया

(2) जापान

(3) संयुक्त राज्य अमेरिका

(4) जर्मनी

**33.** जेनरल एग्रीमेंट फॉर टैरिफ एंड ट्रेड का गठन निम्नलिखित वर्षों में से कब हुआ?

(1) 1991

(2) 1994

(3) 1996

(4) 1999

**34.** निम्नलिखित में से किस को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में शामिल नहीं किया जाता है?

(1) व्यापार संतुलन

(2) व्यापार का परिणाम

(3) व्यापार का संयोजन

(4) व्यापार की दिशा

**35.** यूरोपीय संघ का निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्यालय है?

(1) ब्रुसेल्स (बेल्जियम)

(2) जकार्ता (इंडोनेशिया)

(3) मिंसक (बेलारूस)

(4) वियन्ना (आस्ट्रिया)

**36.** निम्नलिखित देशों में से जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा कौन सा है?

(1) इंडोनेशिया

(2) संयुक्त राज्य अमेरिका

(3) ब्राजील

(4) बंग्लादेश

**37.** मानव विकास के निम्नलिखित उपागमों में से किसके साथ अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) सम्बंधित है ?

(1) आधारभूत आवश्यकता उपागम

(2) कल्याण उपागम

(3) आय उपागम

(4) क्षमता उपागम

**38.** निम्नलिखित में से कौन सा नौसेना पत्तन है ?

(1) कोच्चि

(2) रोटेरडम

(3) कोपेनहेगेन

(4) ट्रिपोली

**39.** निम्नलिखित में से कौन सी ग्रामीण बस्तियों की विशेषता **नहीं** है ?

(1) सामान्यत: आकार में बड़े

(2) भूमि से निकट जुड़ाव

(3) प्राथमिक गतिविधियों की प्रधानता

(4) तुलनात्मक रूप से कम जनसंख्या घनत्व

**40.** जो गाँव झीलों के चारों ओर विकसित होते है उन्हें निम्नलिखित में से किसके द्वारा जाना जाता है ?

(1) तारा-समान प्रतिरूप

(2) आयताकार प्रतिरूप

(3) रैखिक प्रतिरूप

(4) वृत्ताकार प्रतिरूप

**41.** भारत में प्रथम जनगणना निम्नलिखित वर्षों में से किस वर्ष हुई ?

(1) 1872

(2) 1881

(3) 1891

(4) 1901

**42.** निम्नलिखित राज्यों में से, जनगणना 2011 के अनुसार, सर्वाधिक जन घनत्व किसमें है ?

(1) केरल

(2) पश्चिम बंगाल

(3) बिहार

(4) उत्तर प्रदेश

**43.** निम्नलिखित राज्यों में से, जनगणना 2011 के अनुसार, सबसे कम जनघनत्व किसमें है?

(1) मणीपुर

(2) मेघालय

(3) त्रिपुरा

(4) अरूणाचल प्रदेश

**44.** कायिक घनत्व की गणना निम्नलिखित सूत्रों में से किसके द्वारा की जाती है?

(1) कुल जनसंख्या ÷ कुल भू क्षेत्र

(2) कृषि में लगी कुल जनसंख्या ÷ निवल कृषि क्षेत्र

(3) कुल कृषक ÷ निवल कृषि क्षेत्र

(4) कुल जनसंख्या ÷ निवल कृषि क्षेत्र

**45.** निम्नलिखित कालखण्डों में से किसमें भारत में जनसंख्या विस्फोट के रूप में जाना जाता है?

(1) 1901-1921

(2) 1921-1951

(3) 1951-1981

(4) 1981 से आज तक

**46.** ''बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ'' निम्नलिखित अभियानों में से किसके अंतर्गत आता है?

(1) आर्थिक अभियान

(2) सामाजिक अभियान

(3) पर्यावरणीय अभियान

(4) धार्मिक अभियान

**47.** भारतीय भाषाओं की दरदी शाखा निम्नलिखित भाषा परिवारों में से किसके अंतर्गत आती है?

(1) आस्ट्रिक

(2) द्रविड़

(3) भारतीय-यूरोपीय

(4) चीनी-तिब्बती

**48.** निम्नलिखित क्षेत्रकों में विशाल श्रम शक्ति किसमें लगी हुई है?

(1) प्राथमिक क्षेत्रक

(2) द्वितीयक क्षेत्रक

(3) तृतीयक क्षेत्रक

(4) चतुर्थक क्षेत्रक

**49.** निम्नलिखित में से प्रवास के कौन से आर्थिक परिणाम है ?

(1) नगरीय जनसंख्या में योगदान

(2) प्रवासियों द्वारा उनके मूल क्षेत्र में पैसा भेजना

(3) आयु और दक्षता चयनित बाह्य प्रवास

(4) प्रवास से अनेकों संस्कृतियों के लोगों का अंतर्मिश्रण

**50.** निम्नलिखित राज्यों में से किसमें गरीबी रेखा के नीचे जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत (2011 - 12) है ?

(1) बिहार

(2) झारखण्ड

(3) छत्तीसगढ़

(4) मणीपुर

**51.** ब्रुंडलैंड कमीशन की रिपोर्ट ''आवर कामन फ्यूचर'' का प्रकाशन निम्नलिखित वर्षों में से कब हुआ ?

(1) 1977

(2) 1982

(3) 1987

(4) 1992

**52.** निम्नलिखित बस्तियों में कौनसी विभिन्न इकाइयों विखण्डित है ?

(1) परिक्षिप्त बस्तियाँ

(2) गुच्छित बस्तियाँ

(3) अर्द्ध गुच्छित बस्तियाँ

(4) पल्ली बस्तियाँ

**53.** निम्नलिखित नगरों में से कौन सा परिवहन नगर के रूप में जाना जाता है ?

(1) जमशेदपुर

(2) सतना

(3) विशाखापटनम्

(4) अंकलेश्वर

**54.** उर्ध्वाधर हवा की गति जिसे डोलड्रम के रूप में जाना जाता है, निम्नलिखित पट्टियों में से किसमें पाया जाता है ?

(1) भूमध्य रेखा के पास

(2) कर्क वृत के पास

(3) मकर वृत के पास

(4) मध्य अक्षांशीय क्षेत्र

55. वायुमंडल की निम्नलिखित परतों में से किस में सभी मौसमी बदलाव होते हैं?

(1) बहिर्मण्डल

(2) मध्यमण्डल

(3) समतापमण्डल

(4) क्षोभमण्डल

56. निम्नलिखित महासागरों में से किसमें सबसे बड़ी संख्या में खाईयाँ हैं?

(1) हिन्द महासागर

(2) अटलांटिक महासागर

(3) प्रशान्त महासागर

(4) भूमध्यसागर

57. निम्नलिखित ग्रहों में से किसका सर्वाधिक घनत्व है?

(1) बृहस्पति

(2) शनि

(3) पृथ्वी

(4) मंगल

58. निम्नलिखित पत्तनों में से किसको भारी मात्रा में पेट्रोल, पेट्रोलियम उत्पादों एवं उर्वकों के प्राप्त करने के लिए बनाया गया?

(1) मुम्बई

(2) कांडला

(3) कोलकाता

(4) इन्नौर

59. निम्नलिखित में से जल प्रदूषण के मुख्य स्रोत कौन से है?

(1) जीवाश्म ईंधन

(2) वाहित मल निपटान

(3) मोटर वाहन

(4) औद्योगिक अपशिष्ट

60. निम्नलिखित दो स्थानों में से कौन पूर्व–पश्चिम गलियारे के दो अंतिम छोर हैं?

(1) सिलचर और राजकोट

(2) सिलचर और पोरबंदर

(3) गुवाहाटी और पोरबंदर

(4) गुवाहाटी और राजकोट

**61.** महासागरीय निमग्न तट की विशेषता निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(1) भारी मात्रा में परतदार निक्षेप

(2) महाखण्ड और खाईयाँ पाई जाती है

(3) सपाट और चिकनी गहरी सतह

(4) सपाट सतह के साथ छोटी पहाड़ियाँ

**62.** एक समुद्री तरंग के उच्चतम तथा निम्नतम बिंदुओं को निम्नलिखित में से किसके द्वारा जाना जाता है ?

(1) तरंग ऊँचाई

(2) तरंग विस्तार

(3) तरंग अवधि

(4) तरंग शिखर और तरंग गर्त

**63.** जैवविविधता के अध्ययन के लिए निम्नलिखित में से कौन सा स्तर **नहीं** है ?

(1) भौतिक विविधता

(2) आनुवांशिक विविधता

(3) प्रजातीय विविधता

(4) पारितंत्रीय विविधता

**64.** निम्नलिखित प्रक्षेपों में से किस पर किसी भी भूभाग का सही आकृति दर्शाया जाता है ?

(1) मर्केटर प्रक्षेप

(2) नोमोनिक प्रक्षेप

(3) स्टिरियोग्राफिक प्रक्षेप

(4) बेलनाकार सम क्षेत्रफल प्रक्षेप

**65.** निम्नलिखित प्रक्षेपों में से किस पर ध्रुवों को **नहीं** दर्शाया जा सकता है ?

(1) मर्केटर प्रक्षेप

(2) शंकु आकार प्रक्षेप

(3) बेलनाकार समदूरी प्रक्षेप

(4) बेलनाकार सम क्षेत्रफल प्रक्षेप

**66.** भारत के पूर्वी छोर पर (97° पूर्वी) सूर्योदय 5 बजकर 00 मिनट पर हो रहा है। पश्चिमी छोर पर (67° पूर्वी) कितने बजे सूर्योदय होगा ?

(1) 6 बजकर 00 मिनट

(2) 6 बजकर 30 मिनट

(3) 7 बजकर 00 मिनट

(4) 7 बजकर 30 मिनट

**67.** निम्नलिखित में से पृथ्वी के आंतरिक भाग की जानकारी के लिए अप्रत्यक्ष स्रोत कौन सा है?

(1) ज्वालामुखी

(2) भूपर्पटी में प्रवेधन

(3) खनन

(4) भूकम्पीय तरंगें

**68.** निम्नलिखित ग्रहों में से कौन सा जोवियन ग्रह कहलाता है?

(1) बुध

(2) शुक्र

(3) मंगल

(4) शनि

**69.** निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ पर भू पर्पटी में सबसे गहरी खुदाई की गई?

(1) कोला, आर्कटिक महासागर

(2) ओल्डैंड, बाल्टिक सागर

(3) रीगा, रीगा की खाड़ी

(4) एमस्टर्डम, ब्रिटिश चैनल

**70.** निम्नलिखित में से कौनसी बहिर्भेदी स्थलाकृति है?

(1) स्टैलकटाइट

(2) स्टैलगमाइट

(3) क्रेटर

(4) स्तम्भ

**71.** एस्कर मैदान निम्नलिखित में से किसके द्वारा बनता है?

(1) जलीय

(2) हिमानी

(3) कार्स्ट

(4) सागरीय तरंगें

**72.** पृथ्वी की निम्नलिखित पेटियों में से कौनसी सबसे कम सूर्यातपन प्राप्त करती है?

(1) उपध्रुवीय

(2) शीतोष्ण

(3) उपोष्ण

(4) उष्ण

**73.** हरीकेन के नाम से उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात किस महासागर में जाना जाता है?

(1) अटलांटिक महासागर

(2) हिन्द महासागर

(3) प्रशान्त महासागर

(4) भूमध्य सागर

**74.** निम्नलिखित लवणताओं में से कौन ग्रेट साल्ट लेक का प्रतिनिधित्व करती है?

(1) 330 प्रति हजार

(2) 238 प्रति हजार

(3) 220 प्रति हजार

(4) 200 प्रति हजार

**75.** हिमालय के दक्षिण में निम्नलिखित में से कौन सा सही क्रम में पाया जाता है?

(1) भाबर, तराई और भांगर

(2) भाबर, भांगर और तराई

(3) तराई, भाबर और भांगर

(4) तराई, भांगर और भाबर

**76.** भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें गर्म और शुष्क पवन को 'लू' कहा जाता है?

(1) उत्तर-पूर्वी भारत

(2) उत्तरी मैदान

(3) छोटानागपुर पठार

(4) प्रायद्वीपीय पठार

**77.** निम्नलिखित में से किसमें 'वर्षा छाया क्षेत्र' पाया जाता है?

(1) पश्चिमी घाट के पूर्व में

(2) पूर्वी घाट के पूर्व में

(3) अरावली श्रेणी के पूर्व में

(4) सतपुरा श्रेणी के उत्तर में

**78.** समान ताप वाले स्थानों को मिलने वाली रेखा को निम्नलिखित में से किस रूप में जाना जाता है?

(1) समोच्च

(2) समदाबी

(3) समतापी

(4) समवर्षी

**79.** निम्नलिखित में कौन सा छवि के प्रतिबिम्ब निर्वचन का तत्व **नहीं** है ?

(1) आभा या रंग

(2) गठन

(3) भूआकृति

(4) आकार

**80.** किसी एक राज्य के विभिन्न खण्डों की साक्षरता निम्नलिखित में से किसके द्वारा सर्वोत्तम ढंग से दिया जा सकता है ?

(1) छाया विधि

(2) सममान रेखा विधि

(3) बिंदुकित विधि

(4) दण्डारेख विधि